दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

बर्ष :-04
अंक:-317
मुरादाबाद
10 March 2025
(Monday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी से मिले CM योगीरू यूपी BJP अध्यक्ष और मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा, महाकुंभ पर भी बात; एक घंटे तक मंथन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर पहुंची। दिल्ली दौरे के दूसरे दिन सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब एक घंटे तक दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी के साथ सीएम योगी की यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई। इसके साथ ही यूपी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी बात हुई है। इसके साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर भी बात की। मेरठ के सलावा में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बनने से मेरठ और आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को बहुत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को सरधना के सलावा गांव पहुंचे और यहां बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का मौका मुआयना किया। उन्होंने अफसरों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिएसीएम योगी दोपहर ठीक 1.55 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचे। इस दौरान सलावा गांव के सभी रास्ते पूरी तरह से सील कर दिए गए। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। मीडिया को भी रोक दिया गया। कई पार्टी पदाधिकारी और नेताओं के काफिले को भी नहीं जाने दिया गया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्थायी रूप से बनाए गए कार्यालय में अफसरों के साथ बैठक की और निर्माण की प्रगति को जाना। अफसरों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने काम में तेजी के निर्देश दिए हैं।

मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, खेल विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण, काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

सीतापुर में पत्रकार की हत्या: राघवेंद्र बाजपेयी की पत्नी ने डीएम को दिया मांग पत्र, परिजन हुए आक्रोशित

सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की पत्नी ने जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपते हुए आर्थिक मदद देने की मांग की है। परिजनों ने प्रशासन पर मांगे न मानने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और फिर मान गए।

पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के परिजनों ने जिलाधिकारी को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एडीएम को सौंपा है। इसमें घटना में शामिल हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व कठोरतम कार्रवाई, मृतक आश्रितों को 1 करोड़ की आर्थिक सहायता, पत्नी को योग्यतानुसार नौकरी व बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की मांग की है। राघवेंद्र की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।वहीं, रविवार सुबह से ही महोली आवास पर जनप्रतिनिधि परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा, अवध क्षेत्र प्रभारी कमलेश मिश्र, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, एडीएम नीतीश सिंह अन्य शामिल रहे।परिजनों ने इससे पूर्व जिला प्रशासन पर मांगों को न मानने का आरोप लगाकर हंगामा किया। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन की बात कही। हालांकि, एडीएम व जनप्रतिनिधियों के समझाने पर परिजन माने और मांगपत्र दिया।

संक्षिप्त समाचार

संत प्रेमानंद 10 मार्च से होली तक नहीं देंगे दर्शन, आश्रम से नया अपडेट

होली के कारण संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा को स्थगित किया गया है। आश्रम की अपील है कि 10 मार्च से 14 मार्च तक भक्त दर्शन के लिए न आएं।वृंदावन में होली महापर्व और पूज्य प्रेमानंद महाराज जी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 10 मार्च से 14 मार्च तक उनकी पदयात्रा को स्थगित कर दी गई है। श्री हित राधा केलि कुंज परिकर, श्रीधाम वृंदावन की ओर से यह आधिकारिक सूचना जारी की गई है।भक्तों से आग्रह किया गया है कि वे उक्त दिनों में दर्शन के लिए यात्रा न करें। होली के कारण वृंदावन की सड़कों पर अत्यधिक भीड़ रहने की संभावना है, जिससे प्रशासन के लिए व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होगा। इसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।आश्रम प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग और संयम बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि होली के बाद यात्रा की नई तिथियों की जानकारी दी जाएगी।

अगरतला में बोले नड्डा– हम अंत्योदय के लिए काम करते हैं; ओडिशा के पूर्व मंत्री अनंत दास का निधन

त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, %त्रिपुरा की जनता बार-बार कमल को और प्रधानमंत्री मोदी और माणिक साहा के नेतृत्व को आशीर्वाद देती है क्योंकि हम जनता के सेवक हैं, हम लोगों की चिंता करते हैं..., और हम अंत्योदय के लिए काम करते हैं। हमारी नीतियां सिर्फ कागजों पर नहीं हैं, हमारी नीतियां सचिवालय की फाइलों तक सीमित नहीं हैं, हमारी नीतियां त्रिपुरा की धरती पर आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य सत्ता नहीं बल्कि सेवा है%।जादवपुर यूनिवर्सिटी को लेकर भड़के शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी कहते हैं, यहां इतनी बड़ी, मशहूर यूनिवर्सिटी (जादवपुर यूनिवर्सिटी) है लेकिन यहां पढ़ाई के अलावा सब कुछ हो रहा है। टुकड़े-टुकड़े गैंग, कश्मीर मांगे आजादी, रैगिंग, ड्रग्स, सब कुछ चलता है। सीपीएम, टीएमसी मिलकर सब कुछ कर रही हैं। बीजेपी इसका विरोध कर रही है। यूनिवर्सिटी में पढ़ाई होनी चाहिए। गुजरात में दो मेडिकल इंटर्न पर हमले में चार छात्र निलंबित गुजरात के भावनगर स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के दो इंटर्न को उनके कुछ सहपाठियों और एक सीनियर ने कथित तौर पर बंधक बनाया और उन पर हमला भी किया। इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई है। मेडिकल कॉलेज ने इसे रैगिंग मानते हुए चार छात्रों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने कहा कि दो इंटर्न और उनके एक दोस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंटर्न ईशान कोटक और अमन जोशी की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि उनके साथ मारपीट इसलिए की गई क्योंकि साथी छात्र उनकी तरफ से सोशल मीडिया पर साझा किए गए जोक्स से नाराज थे। इंटर्न छात्रों का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। गोवा में ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती= 11.67 करोड़ की हाइड्रोपोनिक वीड के साथ एक गिरफ्तार गोवा में शनिवार को एक व्यक्ति को 11.67 करोड़ रुपये की कीमत के हाइड्रोपोनिक वीड के साथ गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारियों ने कहा कि यह गोवा के इतिहास में ड्रग्स की सबसे बड़ी जब्ती है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि व्यक्ति को पणजी और मापुसा शहरों के बीच स्थित गुरिम गांव से गिरफ्तार किया गया। हमने उसके पास से 11.67 करोड़ रुपये की कीमत का 11.672 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया है। उस पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गोवा में अब तक के सबसे बड़े ड्रग भंडाफोड़ के लिए क्राइम ब्रांच गोवा पुलिस को बधाई दी। कहा, यह हमारे राज्य को ड्रग-मुक्त रखने में हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है। मेघालय = वायुसेना ने उमियम झील पर किया युद्ध प्रशिक्षण- भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने शनिवार को मेघालय के शिलांग में उमियम झील पर युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास किया। इस अभ्यास में सेना के विशेष बलों और नौसेना के साथ अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए कई विमान, हेलिकॉप्टर, पैरा जंपर्स और विशेष ऑपरेशन का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण अभ्यास में एएन-32 और सी-130 विमानों का उपयोग करके कॉम्बैट रबराइज्ड रेडिंग क्राफ्ट ड्रॉप्स, पैरा जंप और हेलोकास्टिंग (विमान से पानी में कूदना) शामिल था। इस अभ्यास को शिलांग में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों ने भी देखा। आईएएफ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रशिक्षण का विवरण और तस्वीरें साझा कीं। तेलंगाना: छात्रावास में चार्जर में मिला गुप्त कैमरा, जांच शुरू तेलंगाना के संगारेड्डी जिले स्थित एक निजी महिला छात्रावास में गुप्त कैमरा मिलने से आक्रोश फैल गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना अमीनपुर इलाके में स्थित छात्रावास की है। मामले की जांच शुरू कर दी है। मालदीव जा रहे जहाज से 33 करोड़ का हशीश तेल जब्त, नौ गिरफ्तार- भारतीय तटरक्षक बल और डीआरआई ने मालदीव जा रहे एक जहाज से 33 करोड़ रुपये का हशीश तेल जब्त किया और उसके चालक दल के नौ सदस्यों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा, खुफिया सूचना के आधार पर पांच मार्च को तटरक्षक बल (आईसीजी) व राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मिलकर अभियान चलाया। आईसीजी ने संदिग्ध जहाज का पीछा किया और मन्नार की खाड़ी के दक्षिण में उसे रोक लिया।

रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की बढ़ीं मुश्किलें... पत्नी की शिकायत पर FIR

रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।उत्तर प्रदेश के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। राजा भैया पर की पत्नी भानवी सिंह ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और पत्नी की शिकायत पर राजा भैया के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज हुई है। जानकारी के मुताबिक, राजा भैया ने अपने पति के साथ शिकायत दर्ज में गंभीर आरोपों के कराई है। उन्होंने पति पर शारीरिक और मानसिक क्रूरता का आरोप लगाया है। भानवी का आरोप है कि राजा भैया ने उन्हें वर्षों तक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है। भानवी सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि लगातार मारपीट के कारण उनके शरीर के अंग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उनकी जान को खतरा है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई थी। राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह का तलाक का केस अभी कोर्ट में चल रहा है। राजाभैया और उनकी पत्नी के बीच कलह की बात कई वर्षों से चल रही थी लेकिन यह मामला सार्वजनिक तब हो गया जब भानवी सिंह ने राजाभैया के बेहद करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह पर धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया की शादी साल 1995 में बस्ती राजघराने की राजकुमारी भानवी सिंह के साथ हुई थी। शादी के समय राजाभैया की उम्र करीब 25 साल जबकि भानवी 20 वर्ष की थी। दोनों को चार बच्चे हैं। कुछ वर्षों से दोनों के रिश्ते के बीच खटास आनी शुरू हो गई थी और राजाभैया से अलग होकर भानवी सिंह दिल्ली स्थित अपने आवास पर रहने लगी थीं। राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी के बीच रिश्तो में दरार पड़ गई। कई रिश्तेदारों ने रिश्ते को जोड़ने के लिए मध्यस्थता की भी कोशिश की, लेकिन राजा भैया और उनकी पत्नी के बीच बात नहीं बन पाई। प्रतापगढ़ के कुंडा बेती निवासी रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया का उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा दबदबा है। राजा भैया 1993 से लगातार 7वीं बार कुंडा विधानसभा से निर्दलीय विधायक चुने गए हैं। राजा भैया बेती और भदरी राजमहल के राजकुमार भी हैं। राजा भैया यूपी सरकार में जेल और खाद्य मंत्री भी रहे हैं।

सीएम योगी के आवास पर तैनात पीएसी सिपाही की बरेली में मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

सीएम आवास पर तैनात पीएसी सिपाही की बरेली में मौत हो गई। रविवार को उसका शव रेल ट्रैक पर पड़ा मिला। पुलिस घटना की जांच कर रही है। बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में रविवार सुबह गूला रेलवे फाटक के पास बरेली-मुरादाबाद रेलवे ट्रैक पर एक शख्स का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर जाकर जांच की। शव के पास एक मोबाइल मिला जो लॉक था। थोड़ी देर बाद उस पर कॉल आई तो पता चला कि मरने वाला शख्स 47 बटालियन एच दल पीएससी गाजियाबाद का सिपाही अंकुर कुमार है। अंकुर पुत्र राकेश कुमार निवासी गांव मनोरा थाना सिखेड़ा जिला मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। इंस्पेक्टर मीरगंज प्रयागराज सिंह के मुताबिक अंकुर सीएम योगी के आवास पर लखनऊ में ड्यूटी कर रहा था। वह ट्रेन मे सफर करते गिरा या फिर उसके साथ कोई साजिश की गई है, इन बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्राप्त मेमो के आधार पर पंचायतनामा की कार्रवाई की गई है। सिपाही के परिजनों को सूचित कर दिया गया। उनके यहां आने पर ही ज्यादा जानकारी हो सकेगी।

संपादकीय Editorial

They are pro-Khalistan!

The lapse in the security of India's Foreign Minister S. Jaishankar in London is not a normal incident. One cannot remain silent and cannot tolerate it, so this is a condemnable incident. Anything could have happened! The pro-Khalistan person who jumped up to the convoy of the Foreign Minister could have also attacked in a planned manner! This is definitely the negligence of the British police. That Khalistani extremist also insulted the Indian flag 'tricolour'. The question is why were Khalistan supporters allowed to protest with their alleged flag near the place where the Foreign Minister was holding a meeting? Has the attitude of the British government and police become more liberal and flexible towards such separatist elements? If this security lapse had happened in India in the context of a foreign minister or representative, then the Western and European countries would have raised a hue and cry! The question and curiosity is also that why are the supporters of Khalistan so autocratic and active in countries like America, Britain, Canada, Germany and Australia?

This is not the first incident. In March 2023, the 'tricolour' was removed from the Indian High Commission. All these countries have been claiming to be friendly countries, strategic partner countries of India and have also been nurturing Khalistani militants and supporters. Is this not hypocrisy? Are these countries ideologically and fundamentally in favor of recognizing 'Khalistan' as a separate country?

If this is the thinking, then it is completely anti-India. This thinking will not be resolved only by diplomacy or by summoning the High Commissioner or Ambassador of the concerned country and showing one's bitterness. There should be a bilateral dialogue at the level of the Prime Minister and the Foreign Minister that supporting Khalistan is not acceptable. These countries will have to change the definitions of democracy and human rights, more or less in the context of India. Don't these countries know how long India fought against Khalistani extremists and crushed them and after so many sacrifices there is an atmosphere of peace and stability in India and Punjab today? It is worth mentioning that the government of Indian-origin British Prime Minister Rishi Sunak had taken several steps to crack down on Khalistanis. The task force was given a fund of Rs 1 crore so that the government could understand the dangers posed by pro-Khalistan extremism.

Their online and offline fund raising was also monitored. The Sunak government worked actively with the Sikh community so that gurudwaras and charitable organizations could not be used for fund raising. Now there is a Labour Party government under the leadership of Prime Minister Keir Starmer. Their attitude towards Khalistanis has been soft. In the last two years, the Starmer government did not give any new funds to the task force, so it has become inactive and is on the verge of closure. The monitoring of extremists that was being done has also become lax. British Home Secretary Cooper had presented a report, but it only mentioned Khalistan supporters, there was no mention of action against them. There is no clear policy regarding Khalistan, so the officials are also hesitant to take action against such elements. However, our Foreign Minister did make this important announcement - 'I think what we are waiting for is the return of the stolen part of Kashmir.'

Balance will have to be achieved in delimitation, southern states are opposing

In the new delimitation, it will have to be ensured that equal care is taken of the seriousness towards development along with the growing population. The southern states are apprehensive that their efforts for population control may be sabotaged by the new delimitation. For this reason, the voices of protest have also started becoming vocal in these states. Apart from the debate of North-South division, there are other challenges in the possible delimitation. The scale of representation in the Parliament of the world's largest democracy is still stuck on the 1971 census. The logic behind this was to protect the states that have been successful in population control from possible loss at the level of political representation. However, this deadline is ending in 2026 and now a new delimitation is proposed. The debate has also started regarding this. The southern states are apprehensive that their efforts for population control may be sabotaged by the new delimitation. For this reason, the voices of protest have also started becoming vocal in these states. Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin has in a way taken charge of this campaign. Other southern states are also joining him in his voice as they are apprehensive about the dominance of North India. To pacify such voices, Home Minister Amit Shah has also assured that the interests of the southern states will not be harmed in the delimitation. The Indian Constitution had envisaged an electoral process in which each MP represents more or less equal number of people. Articles 81, 82 and 170 (3) of the Constitution provide that the seats should be delimited afresh from time to time in which the trend of population change can be adjusted as required. At present, the electoral map of India is stuck on the 1971 census, when there was not as much difference in the population of Uttar Pradesh and Tamil Nadu as it is today. The population of Uttar Pradesh is now more than 24 crores, which is almost double that of Tamil Nadu, but its Lok Sabha seats are still at the 1971 level. Is this fair? If the current population becomes the criterion for delimitation, then it is certain that the Lok Sabha seats in states like Uttar Pradesh, Bihar, Madhya Pradesh and Rajasthan will increase significantly. Whereas the seats in Tamil Nadu, Kerala, Karnataka and Andhra Pradesh will decrease relatively. Naturally, this will be a loss deal for the southern states. They will feel that they are being punished despite better governance. For decades, they have invested heavily in education, health and family planning efforts, which have curbed population growth. Meanwhile, the birth rate remains high in many northern states. Despite this, their political power will increase. Then the question will arise whether incompetence is rewarded in democracy? Anyway, the regional satraps are presenting the issue of delimitation as their struggle for a federal structure. Tamil Nadu and Kerala argue that the criterion for representation should not be only population but also development achievements and economic contribution. It is surprising that at this time such voices are silent, which keep singing the tune of 'whoever has more share, he gets more share'. It is clear that their slogan of 'as much population, so much right' is also linked to opportunistic politics. Apart from the debate on North-South divide, there are other challenges in the way of possible delimitation. One such issue is the adjustment of seats reserved for SC-ST. Demographic changes should be reflected in their representation, but it is very difficult to ensure this. Care has to be taken that political equations do not get disturbed in this exercise. Another challenge will be at the level of urban-rural imbalance. Due to rapid urbanization, the population of cities like Delhi, Mumbai and Bengaluru has increased a lot, but their representation in Parliament has not changed. Should not urban centers get more seats due to their economic importance or should rural representation be protected and ensured that their voice does not weaken in the political corridors? Large scale migration to cities has made the situation more complex. Many cities have a large population of displaced workers. These workers work in the cities, but most of them vote in their native places. In such a situation, whether the delimitation is based on the total population or the number of registered voters, this aspect will also play an important role in balancing power between different regions. One of the possible solutions being suggested on the delimitation scenario is that the old system should be maintained for the next 30 years, so that the states which have been successful in population control do not have to suffer any loss. However, this will create the anomaly where some MPs will continue to represent a much larger population than their other colleagues. One solution could also be to increase the number of Lok Sabha seats. This will also give proper representation to the population without reducing the number of seats in any region. This will also not provoke discontent in any region. Some experts are also advocating giving importance to factors like GDP contribution, literacy rate and governance efficiency in delimitation. However, this will be quite complex and it is possible that the political class in the northern states will oppose it. Delimitation is a sensitive issue, which requires a holistic approach to resolve. It will have to be ensured that all the states and major stakeholders agree on an acceptable compromise with active participation, in which A balance can be achieved between representation, governance and regional interests. A balance in which the seriousness towards development is taken care of equally, from the growing population. In that, no one sees himself on the political margins and equal democratic participation is possible. This issue has to be handled seriously, because delimitation will not only increase democratic purity but will also be a symbol of the importance of each vote and respect for federal principles.

Britain's cover-up, strict action should be taken against Khalistan supporters

During the visit of India's Foreign Minister S. Jaishankar to Britain, Khalistan supporters created a ruckus in London in front of him. Britain just criticized it and considered its duty done. Whereas what should have happened is that Britain should take strict action against Khalistan supporters. At the same time, India should also express its anger by raising this matter in a strong manner. It is not surprising that the Indian Foreign Ministry did not like the British government's explanation on the ruckus created by Khalistan supporters in London in front of Foreign Minister S. Jaishankar and the insult of the Indian flag, but India should not limit itself to expressing dissatisfaction. It should force Britain to take strict action against such anti-India activities. This is necessary because such incidents have happened before and it is not hidden from anyone that Britain has every time condemned and criticized and considered its duty done. There are good reasons to believe that the British government is turning a blind eye to the anti-India activities of Khalistan supporters active in London for political reasons. For this reason, their audacity is increasing. In the past, they have tried to attack the Indian High Commission and the Indian High Commissioner who had visited the Gurudwara. Apart from this, they keep insulting the Indian flag in public from time to time and also keep threatening British Sikhs who raise their voice against their evil. The reason for this is that Britain is not ready to deal with them strictly. India rightly said that the pro-Khalistan elements know that the British government will not do anything against them. If Britain keeps giving silent support to the pro-Khalistan elements, then India should not hesitate to go to the extent of postponing the talks related to the free trade agreement. Along with this, it should identify the pro-Khalistan elements and cancel their OCI i.e. Overseas Citizen of India cards and ban them from coming to India. Apart from this, their properties in India should also be confiscated. Such action should also be taken against the pro-Khalistan elements living in Australia, Canada etc., because like Britain, they are unbridled in these countries too. They have targeted many Hindu temples in Canada and Australia. India has to understand that Western countries take its resentment lightly and are deliberately ignoring the supporters of Khalistan. Only when India sends a message to these countries through its strict action that it is not ready to tolerate the activities of Khalistani extremists, will they be ready to abandon their whitewashing attitude. India has to take seriously the Khalistani extremists active abroad because their aggression is increasing. They are trying to increase their economic strength by organizing themselves. Their activities can spoil the atmosphere in India and especially in Punjab in the future. Before the situation worsens, India has to be active.It is not surprising that the Indian Foreign Ministry did not like the British government's explanation on the ruckus created by Khalistan supporters in London in front of Foreign Minister S. Jaishankar and the insult of the Indian flag, but India should not limit itself to expressing dissatisfaction. It should force Britain to take strict action against such anti-India activities. This is necessary because such incidents have happened before and it is not hidden from anyone that Britain has every time condemned and criticized and considered its duty done. There are good reasons to believe that the British government is turning a blind eye to the anti-India activities of Khalistan supporters active in London for political reasons. For this reason, their audacity is increasing. In the past, they have tried to attack the Indian High Commission and the Indian High Commissioner who had visited the Gurudwara. Apart from this, they keep insulting the Indian flag in public from time to time and also keep threatening British Sikhs who raise their voice against their evil. The reason for this is that Britain is not ready to deal with them strictly. India rightly said that the pro-Khalistan elements know that the British government will not do anything against them. If Britain keeps giving silent support to the pro-Khalistan elements, then India should not hesitate to go to the extent of postponing the talks related to the free trade agreement. Along with this, it should identify the pro-Khalistan elements and cancel their OCI i.e. Overseas Citizen of India cards and ban them from coming to India. Apart from this, their properties in India should also be confiscated. Such action should also be taken against the pro-Khalistan elements living in Australia, Canada etc., because like Britain, they are unbridled in these countries too. They have targeted many Hindu temples in Canada and Australia. India has to understand that Western countries take its resentment lightly and are deliberately ignoring the supporters of Khalistan. Only when India sends a message to these countries through its strict action that it is not ready to tolerate the activities of Khalistani extremists.

किराया कम न करने पर व्यापारियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल, नहीं मनाएंगे होली

मुरादाबाद- नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए दुकानों के किराए को लेकर व्यापारियों का विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसको चलते रविवार से व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसके अलावा व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि वह इस बार होली नहीं मनाएंगे। नगर निगम द्वारा टाउन हॉल और बुध बाजार की दुकानों का किराया बढ़ाया गया है। किराए में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारी पिछले काफी दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले दिनों व्यापारियों ने इसके विरोध में अपनी दुकान भी बंद कर दी थी। लेकिन, बातचीत के बाद व्यापारी दुकानें खोलने के लिए राजी हो गए थे। रविवार से व्यापारियों ने एक बार फिर से आंदोलन शुरू कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक नगर निगम दुकानों के किराए में की गई बढ़ोतरी को कम नहीं करेगा तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। व्यापारियों ने धमकी दी है कि अगर जल्द ही दुकानों का किराया कम नहीं किया गया तो वह लोग इस बार होली नहीं मनाएंगे।

इंटर करने के बाद 1992 में बरेली पहुंचा था उल्फत, आतंकी ट्रेनिंग लेकर फिर 2000 में मुरादाबाद आया

जम्मू कश्मीर के पूंछ जिले के सूनकोट अंतर्गत गांव फजलाबाद निवासी उल्फत हुसैन उर्फ सैफल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ परवेज उर्फ हुसैन मलिक ने 1987 में हाईस्कूल, 1991 में इंटर पास किया। 1992 में बरेली एक मदरसे में पहुंच गया। जहां पर दीनी तालीम हासिल की। एक साल यहां पर रुकने के बाद आतंकी रामपुर के पुराना गंज स्थित मदरसे में पहुंच गया। यहां पर तालीम हासिल करने के साथ-साथ बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। तीन साल तक आतंकी मदरसे में रहा। वर्ष 1995 में असालतपुर स्थित हाफिज वाली मस्जिद में पहुंच गया। यहां पर आकर यह मौलाना बन गया। युवाओं को दीनी तालीम हासिल करने के लिए प्रेरित करने लगा। धीरे-धीरे लोगों को संपर्क होना शुरू हुआ।उस दौर में जम्मू कश्मीर में पंचायत चुनाव शुरू हो गए जहां उसके पिता ने पंचायत चुनाव लड़ा और जीतकर सरपंच बन गया। जानकारी पर उल्फत अपने गांव पहुंच गया। कुछ सालों तक गांव में रहने के बाद आतंकी ट्रेनिंग लेने के लिए 1999 में पाक अधिकृत कश्मीर में पहुंच गया। एक साल तक ट्रेनिंग ली और हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन में शामिल होकर वापस देश में आकर 2000 में मुरादाबाद पहुंच गया। फिर से उसी मस्जिद में पहुंचकर मौलाना बन गया। इस दौरान उसकी मुलाकात नागफनी थाना क्षेत्र के झब्बू का नाला, मूंढापांडे के सद्दू नगला, मझोला जयंतीपुर व रामपुर निवासी युवक से हुई थी। चारों को भी हिजबुल आतंकी संगठन में शामिल करा दिया। इसी बीच इसने रिजवान हैदर और जफर आलम को भी सीमा पार भेजकर छह माह की ट्रेनिंग दिला थी। ट्रेनिंग लेने के बाद दोनों युवा आतंकी बने तो वह अपने साथ हथियार, गोला बारूद लेकर मुरादाबाद पहुंच गए। इसके बाद इन्होंने हथियार और गोला बारूद रखने के लिए उत्तराखंड के रामनगर में एक कमरा किराये पर ले लिया। उसी कमरे में हथियार और गोला बारूद एकत्र किया, जो बरामद हुआ था। इस बीच कटघर पुलिस को इनकी गतिविधियों की जानकारी मिल गई। पुलिस इनके पीछे लगी तो नौ जुलाई 2002 को उल्फत हुसैन उर्फ मुहम्मद सैफल इस्लाम को उसके तीन साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2008 में उल्फत हुसैन उर्फ मुहम्मद सैफल इस्लाम को जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुआ और सीधे जम्मू कश्मीर में पहुंच गया। वहां पर रहकर तभी से आतंकी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। अपने साथ मुरादाबाद मंडल के युवाओं को जोड़ने के लिए 17 साल में दो बार मुरादाबाद पहुंचा। इस बीच आतंकी कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। 7 जनवरी वर्ष 2015 को कोर्ट ने इसकी गिरफ्तारी के लिए स्थायी वारंट जारी किया, लेकिन फिर भी यह हाथ नहीं लगा। उधर, सहारनपुर की एटीएस टीम लगातार इसकी तलाश में लगी थी। अब एटीएस को इनपुट मिला की वह अपने गांव में है। इस दौरान एसएसपी सतपाल अंतिल ने आतंकी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। पांच मार्च को एक बार फिर कोर्ट से स्थायी वारंट जारी हुआ। शुक्रवार को एटीएस और कटघर पुलिस आतंकी के गांव में पहुंच गई। उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

कोर्ट ने 2015 में जारी किया था वारंट, फरारी के दौरान आतंकियों के संपर्क में रहा उल्फत हुसैन

साल 2008 में जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था आतंकी उल्फत हुसैन, उल्फत समेत मूंढापांडे, नागफनी, रामपुर व मझोला क्षेत्र के अन्य साथियों को किया था गिरफ्तार

मुरादाबाद- 17 साल से फरार चल रहे पाकिस्तानी आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के सक्रिय सदस्य रहे उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम को एटीएस और कटघर पुलिस की संयुक्त टीम ने जम्मू कश्मीर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने साल 2015 में उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 5 दिन पहले ही एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी उल्फत हुसैन और उसके साथियों को कटघर पुलिस ने 2002 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 6 साल जेल में रहने के बाद 2008 में जमानत पर बाहर आया और फरार हो गया। जिसके बाद से एटीएस और कटघर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि कटघर थाने के तत्कालीन एसएचओ किशन सिंह तालान की टीम ने 9 जुलाई 2008 में महानगर के गलशहीद थाना क्षेत्र में असालतपुरा में रहने वाले जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के सूरनकोट थाना क्षेत्र के गांव फजालाबाद निवासी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम के साथ ही मूंढापांडे के सक्टूनगला निवासी युवक, नागफनी थाना क्षेत्र के डिप्टी गंज झब्बू का नाला निवासी युवक, रामपुर के मिलक खानम थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर नानकार निवासी युवक को गिरफ्तार कर आतंकी माड्यूल का खुलासा किया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने उस समय मुरादाबाद और उत्तराखंड के रामनगर स्थित किराये के मकान से भारी मात्रा में असलहा, गोलाबारूद और विस्फोटक बरामद किया था। इनकी गिरफ्तारी के दो दिन बाद 11 जुलाई 2002 को इनके पांचवें साथी नदीम को मझोला के जयंतीपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। पांचों ने उस समय स्वीकार किया था कि धार्मिक स्थल और भीड़भाड़ वाले इलाके में बड़ी आतंकी घटना की तैयारी में जुटे थे। उस गिरफ्तारी के 6 साल बाद 2008 में मुख्य आतंकी आरोपी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद से फरार हो गया था। उसके बाद वह कभी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। लगातार फरार रहने के कारण 7 जनवरी 2015 को एसीजेएम-14 की कोर्ट ने उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी कर फरार घोषित कर दिया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पांच मार्च 2025 को कोर्ट ने एक बार फिर आरोपी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम के खिलाफ वारंट जारी किया। एसएसपी के उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। पुलिस टीम के साथ एटीएस लखनऊ की सहारनपुर फील्ड यूनिट की टीम आतंकी उल्फत हुसैन की तलाश में जुटी थी। एसपी सिटी ने बताया कि शुक्रवार को लगभग तीन बजे एटीएस और कटघर पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम को जम्मू कश्मीर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को मुरादाबाद लाकर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। भारी मात्रा में बरामद हुआ था असलहा और विस्फोटक- कटघर पुलिस टीम ने साल 2002 में जब आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ सैफुल इस्लाम और उसके साथियों को गिरफ्तार किया था तो बड़ी मात्रा में असलहा और विस्फोटक बरामद किया था। पुलिस रिकार्ड के अनुसार उस समय आरोपियों के पास से एक एके-47, एक एके-56, 30 बोर की दो पिस्टल, 12 हैंड ग्रेनेड, 50 डेटोनेटर, 37 बैट्री, 29 किग्रा विस्फोटक, 560 जिंदा कारतूस और 8 मैगजीन बरामद की गई थी। 2008 में जेल से बाहर आने के बाद से फरार हो गया था आरोपी उल्फत हुसैन- साल 2002 में आतंकी माड्यूल से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ था। पांच आरोपी जेल भेजे गए थे। जिनमें से मुख्य आरोपी जम्मू कश्मीर का उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद इस्लाम जमानत पर 2008 में जेल से बाहर आने के बाद से फरार हो गया था। उसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 17 साल बाद एटीएस सहारनपुर की फील्ड यूनिट और कटघर थाना पुलिस ने आरोपी उल्फत हुसैन को उसके घर जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी फरारी के दौरान आतंकियों के संपर्क में रहा उल्फत हुसैन- आतंकी उल्फत हुसैन साल 2008 में मुरादाबाद कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से छूटा और अपने गांव पहुंच गया था। गांव में उसने आरा मशीन खोलने के साथ ही परचून की दुकान भी खोल रखी थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि वह अभी भी पड़ोसी देशों के आतंकी संगठनों के संपर्क में था। इसके निशाने पर देश के कई धार्मिक स्थल और बड़े शहर थे। लेकिन वह गांव में सीधा सादा बनकर रह रहा था कि गांव वाले भी उसके मंसूबे को नहीं भाप पाए थे। पता चला कि फरारी के दौरान ही उसने साल 2013 में अपने गांव फजलाबाद में किसी से गंभीर मारपीट भी की थी, जिसका मुकदमा पुंछ जिले के सूरनकोट थाने में दर्ज है। उल्फत ने कर रखी है तीन शादी, पत्नी ने किया था बचाने का प्रयास- पुलिस के अनुसार 17 साल बाद गिरफ्त में आए आतंकी उल्फत हुसैन ने तीन शादियां कर रखी हैं। तीनों को अलग-अलग मकान पर रख रखा है। शुक्रवार को तीन बजे जब एटीएस सहारनपुर और कटघर पुलिस की टीम उसके घर दबिश देने पहुंची तो उसकी पत्नी ने उसे बचाने की कोशिश की। वह पुलिस से धक्कामुक्की भी करनी लगी थी। हालांकि पुलिस टीम उल्फत को खींच कर ले आई।

संक्षिप्त समाचार

भारत अच्छा खेलेगा और चैंपियंस ट्रॉफी जीतेगा, मोहम्मद शमी के परिजन कर रहे दुआ

यूएई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने हैं। यूएई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में फाइनल मैच खेला जा रहा है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह फाइनल मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू हुआ। देश के क्रिकेट फैंस टीम इंडिया की जीत के लिए दुआएं कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि भारत ट्रॉफी जीतेगा% भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भाभी नूर सबा ने कहा, 卐मुझे उम्मीद है कि शमी अधिक से अधिक विकेट लेंगे और अपने देश और अपने गांव को गौरवान्वित करेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि भारत ट्रॉफी जीतेगा। हमने गांव में बड़ी स्क्रीन लगाई हैं और लोग बहुत उत्साहित हैं।मोहम्मद शमी के चचेरे भाई डॉ. फैयाज ने कहा, 卐हमने आज टीम इंडिया के लिए दुआ की है। हमें उम्मीद है कि भारत अच्छा खेलेगा और चैंपियंस ट्रॉफी जीतेगा। मुझे 100त्न यकीन है कि भारत आज जीतेगा।卐भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चचेरे भाई डॉ. मुमताज ने कहा, 卐हमने दुआ की, हमें उम्मीद है कि भारत अच्छा खेलेगा और आज न्यूजीलैंड को हराएगा। मुझे उम्मीद है कि मोहम्मद शमी अच्छा खेलेंगे।卐 क्रिकेटर मोहम्मद शमी पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के बयान पर उन्होंने कहा, 卐उन्हें ऐसा कुछ नहीं कहना चाहिए था। शमी बिल्कुल भी ध्यान नहीं देंगे। इन सबका उनके प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।卐बता दें कि यह दूसरी बार है जब भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आमने-सामने हैं। इससे पहले साल 2000 में न्यूजीलैंड ने भारत को खिताबी मुकाबले में चार विकेट से हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। ब्लैक कैप्स उस उपलब्धि को दोहराना चाहेगा, जबकि भारत उस नुकसान का बदला लेने के लिए उत्सुक होगा। तब नैरोबी में खेले गए फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट गंवाकर 264 रन बनाए थे। कप्तान सौरव गांगुली ने 117 रन, सचिन तेंदुलकर ने 69 रन की पारी खेली थी। जवाब में स्टीफन फ्लेमिंग की न्यूजीलैंड टीम ने 49.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। क्रिस केयर्न्स ने नाबाद 102 रन और क्रिस हैरिस ने 46 रन की पारी खेली थी। रोजर ट्वोज ने 31 रन और नाथन एसल ने 37 रन बनाए थे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सनातन धर्म सेवा समिति ने डोरा रोड स्थित रामायण वाटिका में वन एवं पर्यावरण विभाग मंत्री के साथ किया भ्रमण

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - सनातन धर्म समिति के सदस्यों द्वारा डोरा रोड रामायण वाटिका में पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया इस मौके पर डॉक्टर अरुण कुमार उनके भाई वकील साहब बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मणिकंदन ए एवं सचिव योगेंद्र कुमार भी मौजूद रहे, उन्होंने जानकारी देते हुए सनातन धर्म सेवा समिति के मीडिया प्रभारी हर्ष अग्रवाल जी ने बताया की सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा आज प्रातः रामायण वाटिका की पुष्प प्रदर्शनी एवं वनवास के समय श्री राम प्रभु जहां-जहां से गुजरे उन सब का चित्रण इस रामायण वाटिका में बड़े ही मनोहारी तरीके से किया गया है इस प्रदर्शनी को देखकर बरेली की जनता अवश्य ही लाभान्वित होगी और सनातन के संस्कार और प्रभु राम की वन यात्रा का साक्षात दर्शन देखकर प्रसंचित होगी डॉ अरुण कुमार वन मंत्री ने भी बरेली विकास प्राधिकरण की मेहनत को बहुत सराहा और उपाध्यक्ष महोदय से कहा आपने काफी मेहनत की है बरेली में वास्तव में ऐसे ही पार्क की जरूरत थी इस अवसर पर सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र अग्रवाल एडवोकेट राजीव अग्रवाल मिश्री वाले प्रमोद मित्तल एवं सुभाष अग्रवाल साथ में रहे ।।

पत्रकार की हत्या पर बरेली में पत्रकारों ने शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - सीतापुर जनपद में विगत दिवस हुई पत्रकार की हत्या को लेकर उपजा प्रेस क्लब में एक शोक सभा की गई। जिसमें सभी पत्रकारों ने दुख व्यक्त कर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी।साथ ही मृतक के परिजनों राहत राशि दिलाने की मांग की। शोकसभा में मौजूद पत्रकारों ने इस दुखद घटना की कड़ी निंदा की और प्रदेश सरकार से मांग की कि पत्रकार के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। शोक सभा के दौरान पत्रकारों ने एक बार फिर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग को दोहराया। शोकसभा उपजा के अध्यक्ष डॉ. पवन सक्सेना ने कहा कि पत्रकारों पर हो रहे हमले बहुत ही चिंताजनक है। डॉ सक्सेना प्रदेश सरकार से मांग की कि सीतापुर में हुई इस घटना के असलीदोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके अलाव मृतक पत्रकार के परिवार को 2 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस संबन्ध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया जाएगा। जिसमे पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पत्रकार के परिवार को उचित सहायता देने की मांग प्रमुख रूप से शमिल होगी। सभा मे मौजूद पत्रकारों में डॉ. पवन सक्सेना, मुकेश तिवारी, अनूप मिश्रा, निर्भय सक्सेना, जनार्दन आचार्य, वीरेंद्र अटल, शुभम ठाकुर, सुयोग्य सिंह, अशोक शर्मा, पुत्तन सक्सेना, विजय सिंह, अजय मिश्रा, प्रदीप, सक्सेना, संजीव, यादव, इमरान खान, मोहम्मद शमी, नाजिया अंजुम, शिव शर्मा, सिटिल गुप्ता, राजेश सक्सेना, अशोक शर्मा लोटा मुरादाबादी और दीपक कुमार ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की।

खाकी और खादी के संरक्षण में सीतापुर के पत्रकार की गोली मारकर दिन दहाड़े दर्दनाक हत्या- गिरीश कुशवाहा

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कहा राघवेंद्र वाजपेई की हत्या लोकतंत्र की हत्या है 48 घंटे का शासन एवं प्रशासन को अल्टीमेटम

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - लखनऊ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशनश के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा ने सीतापुर के इमलिया के दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर रेलवे क्रॉसिंग पर की गई क्योंकि उपरोक्त हत्याकांड में सदर की आईटीआई छुपाने के लिए के गले में फंदा लटकाने वाला राघवेंद्र पत्रकार को अपने रास्ते से 11ब्जे बुलाया था उपरोक्त राघवेंद्

हत्या लोकतंत्र की खुलेआम हत्या है तहसीलदार ने अपने ऊपर भ्रष्टाचार जिसमें राजस्व विभाग कई अफसर था जिससे परेशान होकर और उपरोक्त हटाने के लिए अपने आवास पर तहसीलदार से वार्ता करके अपने घर जा रहा था कि रास्ते में बदमाशों ने पहले राघवेंद्र पत्रकार की मोटरसाइकिल कोई टक्कर मारी जब वह जमीन में गिर गए तब गोली मार कर दिनदहाड़े हत्या कर दी सीतापुर हत्याकांड मैं खाकी और खादी की संयुक्त मिली भगत से उपरोक्त पत्रकार की हत्या लोकतंत्र की खुले आम हत्या है इसके बाद भी उत्तर प्रदेश के शासन में बैठे मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव गृह तथा डीजीपी जैसे अफसर अभी तक पत्रकार हत्याकांड जैसी महत्वपूर्ण घटना के बाद भी घटना स्थल पर न पहुंचना बहुत ही दुखद है प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन इसकी निंदा करती है और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री से मांग करती है उपरोक्त हत्या में सरकार के एक अफसर तहसीलदार का नाम एवं लेखपाल को पूछताछ हेतु पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक अफसर को सख्त निर्देश देकर घटनास्थल पर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव ग्रह को भेज कर तत्काल हत्याकांड को गंभीरता से लेकर हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए एवं शहीद पत्रकार के परिजनों को 25 लख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए तथा शहीद पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग सरकार से एसोसिएशन करती है श्री कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 24 घंटे 20 जाने के बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की है यह शर्मनाक बात है एसोसिएशन पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी श्री कुशवाहा ने सरकार से 48 घंटे के अंदर अभी तो को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है ।।

इसहाक़ी मस्जिद में कुरआने करीम मुकम्मल रोज़ाना 5 सिपारे सुनारहे थे- मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब क़दिरी

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

बरेली - हर साल की तरह इस साल भी इसहाक़ी मस्जिद, कम्पनी बारा. मुरादाबाद में हज़रत मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब हुसैन क़दिरी ने नमाज़े तरावीह में कुरआने करीम सुनाया और हज़ारों की तादाद में मुसलमानों ने सुना और छटे रोज़े यह बात भी क़ाबिले ज़क्रि है साथ अगवानपूर काज़ी पुरा, ताजपूर, रामपुर से आकरके कररहे थे। इस मौके पर हाफिज़ सलमान क़ादरी, नाज़मि हमज़ा जमाल इसहाक़ी, अरमान

को कुरआने करीम मुकम्मल हुआ। कह यहां शहर मुरादाबाद के साथ अमरोहा, पाकबड़ा, सम्भल, मुसलमान नमाज़े तरावीह अदा मुरादाबाद के मशहूर नातखां हामिदी, इरफान अशरफी, हाफिज़ इसहाक़ी और हाफिज़ सय्यद बूतुराब हुसैन क़दिरी ने नातिया कलाम पेश किए। हज़रत मुफ्ती सय्यद मुस्तजाब हुसैन क़दिरी ने रमज़ानुल मुबारक कि फजीलत बयान की आपने कहा कह रमज़ानुल मुबारक का हर एक रोज़ा बे पनाह क़ीमती है और इतना क़ीमती है कह अगर किसी बन्दे ने बगैर किसी शरई मजबूरी के एक रोज़ा भी छोड़ दिया तो इस एक रोज़े के बदले में अगर ज़िंदगी भर रोज़ा रखता रहै तो वह रहमतें बरकतें और अजरो सवाब हासिल नहीं करसकता जो रमज़ानुल मुबारक के एक रोज़े में हैं। हज़रत मुफ्ती साहब ने देश की तरक़्क़ी खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं कीं और हज़ारों की तादाद में शरीक नमाज़ियों ने आमीन आमीन की सदाएं बुलंद कीं। आखिर में तमाम नमाजियों को और दुआ में शामिल होने वाले तमाम हाज़रीन को शीरनी भी तक़सीम कि गई। इस मौके पर मुरादाबाद की दरगाहों के सजजादगान, व सूफियाए किराम, व शहर के अन्य मुअज़ीज़ लोग मौजूद रहै और हज़रत मुफ्ती साहब को क़ुरआन करीम मुकम्मल करने पर मुबारक बाद पेश की। नमाज़े तरावीह और ख़त्म शरीफ के इन्तेज़ामो एहतेमाम में सज्जादह नशीन व मुतावललली हाजी मौहम्मद इक़बाल इसहाक़ी, अफज़ाल इसहाक़ी, सूफी जमाल इसहाक़ी, कमाल इसहाक़ी, हाजी नदीम इसहाक़ी, रूहे जमाल इसहाक़ी, तारिक इसहाक़ी, बिलाल इसहाक़ी, नासिर मंसूरी, सिराज क़दिरी, मौहम्मद मंसूर, नासिर चौधरी, आलम इसहाक़ी, सालिम इसहाक़ी, अनीस क़दिरी, सईमुद्दीन क़दीरी उर्फ सीमा आदी पेश पेश रहे।

नाम चाहिए तो काम करना होगा - सपा जिलाअध्यक्ष शिवचरन कश्यप

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

